HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Fourteenth Session)

Questions For Oral Answer

Wednesday, 2 March, 2022/11 Phalguna, 1943 (Saka)

[Chief Minister - Urban Development Minister - Technical Education Minister - Industries Minister - Health and Family Welfare Minister and Forest Minister].

Total No. of Questions - 48

Filling up of Vacant Posts

*4687 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts (Medical & Non-Medical) including class I to IV have been sanctioned in Civil Hospital Sunni in Shimla Rural Assembly Constituency;

(b) how many posts are filled-up; category-wise details be given; and

(c) by when the Government will fill-up these vacant posts; details be given?

भवन निर्माण कार्य

*4688 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व नागरिक अस्पतालों के भवनों की प्रशासनिक व व्यय स्वीकृति हुई है; स्थान का नाम तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केद्रों और नागरिक अस्पतालों के भवनों के स्वीकृति पत्रों की प्रतियां

सभा पटल पर रखें; और

(ख) क्या इन सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व नागरिक अस्पतालों के भवन निर्माण की निविदाएं आमंत्रित कर दी गई हैं तथा कितनों की आमंत्रित करनी शेष हैं; ब्यौरा दें?

पुलिस चौकी

***4689 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भदरोता में पुलिस चौकी खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

नेशनल हाइवे इंडस्ट्रियल कोरीडोर

***4690 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रस्तावित ढरोवाल-नालागढ़-रामशहर-कुनिहार-शिमला सड़क को नेशनल हाइवे इंडस्ट्रियल कोरीडोर बनाने का कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

बस अड्डा निर्माण

***4691 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नए बस अड्डे के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वारघाट

***4692 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वारघाट में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं तथा सरकार कब तक इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; रिक्त पदों का ब्यौरा श्रेणीवार दें?

पदपूर्ति

***4693 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थानों जैसे क्षेत्रीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉक्टर, पैरा-मैडिकल स्टाफ व तकनीशियन के कितने पद स्वीकृत हैं तथा उनमें से कितने रिक्त हैं; ब्यौरा पदवार दें?

आयुष वैलनेस केन्द्र

***4694 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितने आयुष वैलनेस केंद्र स्थापित हैं; इनमें कितने होम्योपैथिक चिकित्सक तैनात हैं; होम्योपैथिक चिकित्सकों की भर्ती के लिए क्या पॉलिसी बनाई गई है; यह सत्य है कि प्रदेश में होम्योपैथी के केवल 14 औषधालय हैं जबकि आयुर्वैदिक के 1400 औषधालय हैं; यदि हां, तो कारण?

भूमि हस्तांतरण

***4695 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भरमौर एकलव्य आवासीय स्कूल भवन के निर्माण हेतु किस स्थान पर भूमि का चयन किया गया है तथा भूमि हस्तांतरण कब तक कर दिया जाएगा?

अग्निशमन कर्मचारी

***4696 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार द्वारा अग्निशमन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान कब से प्रदान कर दिए जाएंगे;

(ख) सरकार अग्निशमन विभाग में रिक्त चल रहे फायरमैन, लीडिंग फायरमैन और चालकों के पदों को भरने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार दमकल कर्मियों के पदों की फुल स्टेशन, सब-स्टेशन तथा फायर पोस्ट में पर्याप्त संख्या बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Car Parking

***4697 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of Car Parking near Mini Secretariat at Hamirpur; reasons of delay be given?

Police Station Syri Bungalow

***4698 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state is it a fact that Police Station Syri Bungalow was established during the tenure of previous Government; the same was reduced to a police post during the regime of present Government considering the requirement; will the Government reconsider and re-establish Police Thana at Syri Bungalow; details be given?

सड़क निर्माण

***4699 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ददरियाड़ा से चक्की, ढलोग से समलेटा और कुडन से पुरखड़ा सड़कों का कार्य किन कारणों से लम्बित पड़ा है; कार्यों का अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

पी0एम0जी0एस0वाई0 फेज-III

***4700 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पी0एम0जी0एस0वाई0 फेज-III योजना कब आरम्भ की जाएगी और इस योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में कौन-कौन से खण्ड लिए जाएंगे; ब्यौरा दें;

(ख) इस योजना के तहत प्रदेश में कितनी सड़कों का निर्माण व स्तरोन्नत किया जाना प्रस्तावित है; और

(ग) इस योजना के तहत किन-किन मापदंडों के आधार पर सड़कों को सम्मिलित किया जाएगा?

जनजातीय भवन

***4701 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जनजातीय भवन ढली में बुकिंग की क्या व्यवस्था है; क्या रिसेप्शन व डाईनिंग हॉल में सी0सी0टी0वी0 इन्सटॉल किए गए हैं; यदि नहीं, तो कारण ;

(ख) यह सत्य है कि जनजातीय भवन ढली के कमरों व शौचालयों की खस्ता हालत है; बैडिंग / कम्बल आदि भी गन्दे व फटेहाल हैं; खाने का भी उचित प्रावधान नहीं है; सफाई की व्यवस्था चरमराई हुई है; और

(ग) भवन में कितना स्टाफ है व किन-किन पदों पर तैनात हैं?

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

***4702 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सैंज व गड़सा में सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्मित किए जाने प्रस्तावित हैं; और

(ख) इन केन्द्रों में पोस्टमार्टम की सुविधा दी जाएगी; इन केन्द्रों के लिए अपेक्षित पद स्वीकृति के साथ कर्मचारी व अधिकारी कब तक नियुक्त किए जाएंगे; मामले की अद्यतन स्थिति सहित सभी प्रावधानों व नियमों का ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***4703 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक राज्य बजट के तहत लोक निर्माण विभाग ने रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी निविदाएं आमंत्रित कर कितनी किलोमीटर सड़कें बनवाई; व्यय की गई धनराशि का सड़कवार व ठेकेदार का नामवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि के दौरान बिना टेंडर के कौन-कौन से कार्य किए गए हैं व उन कार्यों पर कितनी धनराशि व्यय की जानी है; ठेकेदार के नाम सहित ब्यौरा दें;

(ग) गत 3 वर्षों में रोहड़ू व डोडरा-क्वार मंडल में कितनी किलोमीटर नई सड़कें बनाई व पास की गई; सड़कों के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(घ) गत 3 वर्षों में ए0एम0पी0 के तहत रोहड़ू व डोडरा-क्वार मण्डल में कितनी किलोमीटर सड़कों की मेटलिंग व टारिंग की गई; सड़कवार ब्यौरा दें?

Taxi Permit

***4704 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that Taxi Permit are given for 10 years as per present policy; and

(b) if yes, will the Government in view of Covid-19, increase the period to 15

years on the same tax, in view of losses to this sector?

निरीक्षकों व अन्य अधिकारियों की तैनाती

***4705** **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में आबकारी एवं कराधान विभाग में विभिन्न इंटरस्टेट मल्टीपर्पज बैरियर्ज के बंद होने के उपरान्त 100 से ज्यादा निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी स्पेयर हुए हैं; यदि हां, तो विभाग उपरोक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को कहां-कहां पर तैनाती देने का विचार रखता है; इनकी सेवाओं का उपयोग किस प्रकार किया जाएगा; ब्यौरा दें?

करुणामूलक आधार पर नौकरी

***4706** **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी) :**
श्री राकेश सिंघा (ठियोग) :
श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा) :
श्री संजय अवस्थी (अर्की) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में 31.01.2022 तक करुणामूलक आधार पर तृतीय व चतुर्थ श्रेणी में कितने आश्रितों को नियुक्तियां प्रदान की गई हैं व कितने मामले लंबित हैं तथा शेष आश्रितों को सरकार कब तक नियुक्तियां प्रदान करने का विचार रखती है; विभागवार, बोर्डों व निगमों सहित ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार करुणामूलक आधार पर नियुक्तियों हेतु आय-सीमा बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पुल निर्माण

***4707** **श्री अनिल शर्मा (मण्डी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि आय्ला-बनोठ सड़क चबुआं खड्ड पर पुल निर्माण का शिलान्यास कर दिया गया था; यदि हां, तो क्या यह पुल बनकर तैयार हो गया है; और

(ख) यदि नहीं, तो यह कार्य कब तक पूर्ण होगा; विलम्ब के कारणों सहित ब्यौरा दें?

चिकित्सा उपकरण

***4708 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल नेरचौक के लिए ई0एस0आई0सी0 बद्दी द्वारा चिकित्सा उपकरणों की खरीद हेतु निर्धारित 51 करोड़ रुपये की अदायगी रोक दी गई है, क्या सरकार इस अदायगी को ई0एस0आई0सी0 बद्दी से जारी करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

निर्माण कार्य

***4709 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल हाइवे चौंतड़ा से सुका बाग के मध्य छत्तर नाला पुल क्षतिग्रस्त हो गया है; यदि हां, तो सरकार इसकी मरम्मत हेतु क्या पग उठा रही है;

(ख) प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन भराड़ू-छम्ब-मनारू सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; इस सड़क को गाँव छम्ब तक कब पक्का कर लिया जाएगा; इसके कार्य में हो रही देरी के क्या कारण हैं;

(ग) इस पर कितने बड़े पुल व छोटी पुलियों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; गांव अथराह में बड़े पुल का निर्माण कार्य कब तक शुरू किया जाएगा; और

(घ) ग्राम पंचायत बातारी बिहूं के अन्तर्गत हरिजन बस्ती गांव अथराह से चनेहड़ तक के लिंक रोड़ को कब तक पक्का किया जाएगा; सरकार द्वारा इस सड़क को पक्का एवं चौड़ा करने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; पूर्ण ब्यौरा दें?

बोट रूट

***4710 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कोल डैम से तत्तापानी के बीच बोट रूट नोटिफाई किए गए हैं; यदि हां, तो कितने; और

(ख) यह सत्य है कि सलापड़ के क्याण में जेटी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो कब तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Karyali to Mehewag Ambulance Road

***4711 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that by when the construction work of ambulance road from Karyali to Mehewag will be completed?

स्वीकृत योजनाएं

***4712 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल चौपाल व उप-मण्डल सैंज में कितनी प्रशासनिक तथा व्यय स्वीकृति हुई हैं; सभी योजनाओं का स्वीकृति पत्र सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इन सभी योजनाओं के लिए कितनी धनराशि की निविदाएं आमंत्रित व आबंटित की गईं तथा कितनी आमंत्रित की जानी शेष हैं; ब्यौरा दें?

हेलीपैड निर्माण

***4713 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दो हेलीपैडों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो प्रत्येक हेलीपैड हेतु

कितनी भूमि की आवश्यकता है तथा इनका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा स्वीकृत व व्यय धनराशि सहित दें?

मुआवजा

***4714 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नेशनल हाइवे-105 नालागढ़-स्वारघाट में जिन लोगों की जमीनें अधिगृहित की गई हैं, उन्हें मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है; यदि हां, तो कब तक उन्हें मुआवजे की धनराशि दे दी जाएगी; ब्यौरा दें?

धनराशि

***4715 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बीड़-बिलिंग सड़क (बीड़-बड़ाग्रां-बरोट) में साडा के तहत कितनी धनराशि एकत्रित की गई;

(ख) यह धनराशि किन-किन कार्यों पर व्यय की गई व इस अवधि में इस सड़क के सुधारीकरण हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ग) सरकार साडा को हटाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

बंदला पैराग्लाइडिंग साइट

***4716 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार जिला बिलासपुर के अन्तर्गत बंदला में पैराग्लाइडिंग व साहसिक खेलों को बढ़ावा देने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इस साइट हेतु रज्जू मार्ग निर्माण करने का विचार रखती है; इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

भूतनाथ पुल

***4717 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भूतनाथ पुल यातायात हेतु बंद पड़ा है; यदि हां, तो सरकार इसे कब तक खोलने का विचार रखती है; और

(ख) इस पुल की मरम्मत हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

नाले का तटीयकरण

***4718 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नगर परिषद् सुजानपुर टीहरा के अन्तर्गत वार्ड संख्या-8 के मध्य बह रहे नाले के तटीयकरण हेतु धनराशि कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी?

पदपूर्ति

***4719 श्री जिया लाल (भरमौर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जनजातीय क्षेत्र भरमौर में चिकित्सा विभाग में महिला रोग विशेषज्ञ व अल्ट्रासाउंड चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) नागरिक अस्पताल किलाड़ में रेडियोलॉजिस्ट के रिक्त पद को सरकार कब तक भरने का विचार रखती है ; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धरवाला, चूड़ी में एक ही डॉक्टर है तथा इस केन्द्र में स्टाफ भी पर्याप्त नहीं है; सरकार इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कब तक रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; पूर्ण ब्यौरा दें?

दिव्यांग को नौकरी

***4720 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में विभिन्न विभागों के अन्तर्गत कितने दिव्यांग व्यक्तियों को नौकरी प्रदान की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) रोजगार कार्यालयों में प्रदेश में कितने दिव्यांग पंजीकृत हैं व उनमें से कितनों को रोजगार कार्यालयों के माध्यम से सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार प्रदान किया गया है; ब्यौरा दें?

रेलवे लाइन निर्माण

***4721 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा भानुपल्ली से बिलासपुर तथा चण्डीगढ़ से बद्दी तथा ऊना से हमीरपुर तक रेलवे लाइन के निर्माण हेतु भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; और

(ख) इस पर कुल कितनी अनुमानित लागत आएगी; ब्यौरा दें?

Kiari-Khinna Road

***4722 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the latest position of Kiari- Khinna Road; details be given?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टिक्कर

***4723 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि

कुठाड़ी, तहसील टिक्कर, जिला शिमला में वर्ष 2017 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला गया था; इस अधिसूचना को कब रद्द किया गया; सरकार इस स्थान पर पुनः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है?

विकास पट्टिकाएं

***4724 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला किन्नौर में पिछली सरकार के समय किए गए शिलान्यास व उद्घाटन की 45 से ज्यादा विकास पट्टिकाएं तोड़ी गई हैं; तोड़ी गई पट्टिकाओं को पुनः स्थापित न करने के क्या कारण हैं तथा दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई?

भवन निर्माण

***4725 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल बन्जार के नए भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो क्या स्वास्थ्य विभाग इस अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने का विचार रखता है; और

(ख) सरकार इस अस्पताल में स्वास्थ्य अधिकारी के अतिरिक्त पद को सृजित करने का विचार रखती है; इस अस्पताल में विभिन्न श्रेणियों के कुल कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***4726 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सन्दासु व नागरिक अस्पताल डोडरा-क्वार में दिनांक 31.01.2022 तक विभिन्न श्रेणियों के कितने पद कब से रिक्त पड़े हैं; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ख) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्दासु (चिड़गांव) में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; क्या इस केन्द्र में एक्स-रे हो रहे हैं?

Rope-Ways

***4727 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) whether the Government has any proposal to put up rope-ways in District Chamba; how many spots have been identified;

(b) what is the latest position of the project; and

(c) have all the requisite clearances been accorded; details be given?

स्वीकृत सड़कें

***4728 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नाबार्ड के तहत कितनी सड़कें स्वीकृत हुई हैं; और

(ख) इन सड़कों हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व वर्तमान में इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

बस सेवा

***4729 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा कितने बस रूट बन्द किए गए तथा इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए नाहन व सोलन डिपो की कितनी बसें कौन-कौन से रूट पर चलाई जा रही हैं; ब्यौरा बन्द/शुरू रूटवार दें?

Constitution of Swaran Ayog

***4730 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Government has announced the Constitution of Swaran Ayog Committee during the last Assembly Session in Dharamshala;

(b) lay the report of the Committee with the minutes on the Table of the House; who were the Members of the Committee; were any Members of the Legislature associated in the Committee and by when; does the Government propose to implement its recommendations; and

(c) what were the memorandum submitted by the delegation of the Swaran Ayog; place them on the Table of the House?

पदपूर्ति

***4731 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में दंत चिकित्सकों के कितने पद सृजित हैं तथा उनमें से कितने पद रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा; और

(ख) क्या सरकार दंत चिकित्सकों के नये पद सृजित करने का विचार रखती है?

फुट ब्रिज

***4732 श्री अनिल शर्मा (मण्डी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पुरानी मण्डी से पड्डल हेतु पैदल चलने योग्य पुल का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो कब तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा; और

(ख) क्या इसके लिए निजी ज़मीन का अधिग्रहण किया जा रहा है; यदि हां, तो उसकी अनुमानित लागत कितनी होगी; ब्यौरा दें?

पुलिस थाना

***4733 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की बतारी बिहुँ व नोहली पंचायतों का पुलिस थाना द्रंग है; यदि हां, तो क्या सरकार उनका पुलिस थाना जोगिन्द्रनगर करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

नाबार्ड की लंबित योजनाएं

***4734 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नाबार्ड की योजनाओं में विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत एक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी धनराशि तक की विभिन्न परियोजनाएं स्वीकृत की जाती हैं;

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाएं स्वीकृत की गई हैं; योजनावार ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि नाबार्ड के पास सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कई सड़कें, सिंचाई व पेयजल परियोजनाएं लंबित पड़ी हैं; यदि हां, तो कौन-कौन सी हैं; सरकार इन्हें कब तक स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है; पूर्ण ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।